जल जमाव से बार-बार बंद होते एनएच 75 पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

# रोड के दक्षिणी छोर पर कार्रवाई उत्तरी छोर पर बने घर कैसे टूटेंगे



- नाले के ऊपर घर बनाने वालों का कहना है कि वहां नाला था ही नहीं:

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बनहोरा नदी का पानी बरसात में बाढ़ का रूप धारण कर पंचशील नगर चौक पहुंचता है तो तो नाले का अतिक्रमण कर घर दुकान बनाए जाने के कारण पानी नहीं निकल पाता और राधा नगर, शांति नगर के घरों में पानी घुसता है। मोहल्ले की गलियों में 4 से 5 फीट तक पानी भर जाता है और पूरा क्षेत्र पानी में डूब जाता है। वहीं पंचशील नगर चौक में बरसात के दिनों में आए दिन भारी जल जमाव होता है और एनएच 75 राजधानी से कट जाता है। छोटे बड़े सभी वाहन फंस जाते हैं और इसमें सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना लोहरदगा, डाल्टनगंज की तरफ से आने वाले एंबुलेंस को करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि एलिवेटेड कॉरिडोर तो बनी है जिससे रिम्स जैसे बड़े अस्पताल में एंबुलेंस आसानी से पहुंच जा रहा है लेकिन एलिवेटेड कॉरिडोर पहुंचने से पहले के चौक पर भारी जल जमाव हो तो एंबुलेंस कैसे आगे बढ़े।

इन सभी समस्याओं पर राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र लगातार सवाल उठाता आ रहा है जिसका परिणाम हुआ कि उपायुक्त रांची ने रात में स्थल निरीक्षण कर जांच का आदेश दिया था। हेहल अंचल के नेतृत्व में जांच आगे बढ़ा और भारी पुलिस बल की तैनाती में स्थल की नापी की गई और अतिक्रमण पाया गया। अतिक्रमण करने वालों को नोटिस भेजा गया और उन्हें बुलाकर उनके सारे कागजात अंचल में देखे गए। कागजात अवैध पाए गए और आंचल ने एलआरडीसी को जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव भेजा है। सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि उपायुक्त के नेतृत्व में अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए टीम का गठन किया गया है और नगर निगम द्वारा हेहल अंचल को पत्र लिखा गया है कि कार्रवाई में सहयोग करें लेकिन कार्रवाई किस दिन होगी यह किसी को पता नहीं है। अक्सर बड़े करवाई की तिथि घोषित नहीं की जाती है बस कार्रवाई हो जाती है।

रोड के दक्षिणी छोर पर करवाई तो हो रही है वहीं उत्तरी छोर भी प्रशासन के रडार में है क्योंकि उपायुक्त ने उत्तरी छोर का भी निरीक्षण किया है। पंचशील नगर चौक से देखने पर ही उत्तरी छोर पर अतिक्रमण कर दुकान मकान साफ साफ स्पष्ट होते हैं। वहीं कुछ स्थानीय का कहना है कि उत्तरी छोर पर भी नाले की जमीन का अतिक्रमण हुआ है और दुकान मकान बने हैं।


इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने दुकान में जाकर नाले के अतिक्रमण पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि नाले की जमीन सिर्फ दक्षिणी छोर पर है उत्तरी छोर में पहले खेत था और इसी से होकर पानी बहता था। अब मकान बन गए हैं तो पानी के निकास का जगह नहीं बनता है लेकिन हमारा जमीन नाले की जमीन का अतिक्रमण नहीं है।

जाए तो जाएं कहां

# चान्हो अंचल ने नहीं सुनी तो फरियाद लेकर पहुंचा उपायुक्त कार्यालय

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** चान्हो अंचल कार्यालय में फरियाद लेकर गए ग्रामीणों को एक ही काम के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं, काम में लेट लतीफी की शिकायत अक्सर आती रहती है। अंचल अधिकारी लोगों की बात नहीं सुनते हैं और मामले को टाल दिया जाता है। अंचल में खबर उड़ती उड़ती फैली है कि 15 दिनों के बाद अंचल अधिकारी का ट्रांसफर हो जाएगा, तब से कुछ लोग बाट जोह रहे हैं कि इनका ट्रांसफर होगा तभी काम हो सकता है और अंचल अधिकारी के ट्रांसफर का इंतजार कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग प्रखंड दिवस के अवसर पर अंचल अधिकारी के संज्ञान नहीं लेने के बावजूद घंटों बैठे रहे कि शायद दया करके उन्हें बुला लिया जाएगा, उनकी बातें सुनी जाएगी और कार्रवाई की जाएगी। एक फरियादी के आवेदन पर कार्रवाई नहीं कर सिविल कोर्ट जाने को कहा गया। फरियादी ने एलआरडीसी के कार्यालय में जाकर अपना दुखड़ा सुनाया




तो वहां बताया कि आपका आवेदन अंचल में दिए हुए कुछ समय ही बीते हैं इसलिए आपको थोड़ा इंतजार करना चाहिए। अंचल अधिकारी आपको बुलाएंगे और समस्या का समाधान करेंगे लेकिन मंगलवार को जब प्रखंड दिवस पर समस्या का समाधान नहीं हुआ और घंटों बैठने के बाद ऊपरी अदालत जाने को कहा गया तो ये बड़े असमंजस में फंस गए हैं कि जाएं तो जाएं कहां। फिर थक हारकर उपायुक्त के कार्यालय का दरवाजा खटखटाया है। आईए जानते हैं क्या है मामला और किस प्रकार एक आम आदमी को अंचल से इंसाफ नहीं मिल रहा है। चान्हो निवासी सरूला मुंडा ने लिखित शिकायत रांची उपायुक्त के कार्यालय में जमा किया है जिसमें उन्होंने बताया है कि अंचल कार्यालय चान्हों के पंजी-11 के वॉल्यूम-2 के पृष्ट संख्या-33 में मेरे दादा-लकडू मुण्डा के नाम जमाबन्दी काएम है तथा वर्ष 2017-18 तक के सरकारी मालगुजारी रसीद निर्गत है। बिते वर्ष 2024 में हमलोग लगान रसीद कटाने गये तो पता चला कि उक्त वर्णित खाते में दूसरे रैयत ललुआ मुण्डा का नाम से मालगुजारी रसीद कट रहा है। जो विधि विरूद्ध है। हमलोगों ने अंचल कार्यालय चान्हो में पंजी-2 एवं ऑनलाईन में सुधार हेतु आवेदन दिनांक-16.06.2025 ई० को दिये है, परन्तु अंचल कार्यालय चान्हों कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। बार-बार सुधार का निवेदन करने के बाद भी कहते है कि यहां से नहीं होगा, उपरी अदालत में जाए।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ने कांवरियों को दिया बाबा भोलेनाथ का लॉकेट




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची के सदस्यों ने बुधवार को पहाड़ी मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने कांवरियों के लिए नींबू शरबत एवं चना प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद उन्हें स्मृति चिह्न के रूप में उपहार स्वरूप भोले बाबा का एक लॉकेट भी दिया गया।

लायंस क्लब ऑफ रांची के चेयरपर्सन लायन रवींद्र कुमार बर्नवाल ने अन्य सदस्यों के सहयोग से इस कार्यक्रम का काफी सफल आयोजन किया।

लायन वीपी जायसवाल, लायन राजेश मोर, लायन मंजुला जायसवाल, लायन रजनी मोर, लायन सुनीता चौधरी, लायन सुबोध कुमार वर्मा, लायन बीना अग्रवाल ने भी इस धार्मिक कार्यक्रम में अपना भरपूर सहयोग दिया। लायन धीरज ग्रोवर की भूमिका भी सराहनीय रही। कार्यक्रम में क्लब के सचिव लायन अनिल कुमार गोयल ने सभी सहयोगियों तथा सदस्यों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में श्री कृष्ण कथा का आयोजन 27 से

- साध्वी मीणा महाराज और साध्वी पूर्णा महाराज कथा वाचक होंगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में 27 से 31 जुलाई तक मंदिर परिसर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण बीतक कथा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस आयोजन में कथा वाचक के रूप में साध्वी मीणा महाराज और साध्वी पूर्णा महाराज आएंगी। दोनों साध्वी अपने गहन आध्यात्मिक अनुभव से श्रीकृष्ण लीला, रासोत्सव, भक्ति योग और जीवन दर्शन की व्याख्या करेंगी।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण बीतक कथा, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आत्मा के शुद्धिकरण, मन की शांति और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला एक महायज्ञ है। इस कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल, युवावस्था, गीता ज्ञान, रासलीला और उनके अद्भुत चरित्र की व्याख्या की जाएगी। विशेषकर आज के युग में श्रीकृष्ण के उपदेश, धर्म के प्रति उनका समर्पण और निष्काम कर्म की भावना युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। उन्होंने कहा कि कथा हर रोज दिन में 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगा और अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## श्रीश्याम मंदिर में हुआ सामूहिक महा रुद्राभिषेक



**रांची।** हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में बुधवार को सावन माह की शिवरात्रि के अवसर पर "मुक्ति" संस्था के द्वारा सामूहिक महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। मुक्ति संस्था द्वारा श्रीश्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार करवाया गया था। श्री गणेश पूजन के साथ महा रुद्राभिषेक का श्री गणेश हुआ। मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बाबा श्याम के दरबार में हाजरी लगायी।

**आज / कल**




## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के सावन मेला में जम कर हो रही है खरीदारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेले के दूसरे दिन मेले में काफी चहल पहल रही। लोगों ने जम कर अपनी मन पसंद चीजो की खरीदारी की। मेले में लोगों को खूबसूरत राखियां पसंद आ रही है। वहीं सबको ज्वेलरी, कुर्ती, गिफ्ट आइटम भी काफी पसंद आ रहा है। संयोजिका सरिता और सपना ने बताया मेले में हाइजेनिक सूजी के पापड़, चाऊमीन, अचार लोगों को काफ़ी पसंद आ रहे है। मेले में रियल ज्वेलरी की स्टॉल भी लगी है। उसकी डिजाइन काफ़ी पसंद की जा रही है। इसके अलावा भगवान की पोशाक भी अलग-अलग डिज़ाइन में मिल रही है। कई महिलाएं शादी में काम आने वाले समान, गिफ्ट हैंपर अपने हाथों से बना कर लाई है। केक्स एंड बेकरी के स्टॉल भी लगे हैं। एक ही जगह पर सभी वेराइटी मिल रही हैं। शाखा अध्यक्ष पुजा अग्रवाल एवं सचिव शुभा अग्रवाल ने रांचीवासियों से अपील की है कि आय मेला घूमे, शॉपिंग और फूड का आनंद लें।

डीपीएस रांची ने कक्षा 12वीं कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

# ज्ञान से समाज में लाएं सकारात्मक बदलाव : राजेश्वरी बी

- 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यर्थी हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची के विवेकानंद ऑडिटोरियम में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन 2025 में कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज संकाय के छात्रों के शानदार प्रदर्शन के उपलक्ष्य में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की गरिमा मुख्य अतिथि राजेश्वरी बी (आईएएस), डायरेक्टर, डिपार्टमेंट ऑफ पंचायती राज, झारखंड सरकार, और विशिष्ट अतिथि जीशान कमर (आईएएस), डायरेक्टर, डेरी डेवलपमेंट डायरेक्टरेट, झारखंड एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, मार्केटिंग बोर्ड, झारखंड ने बढ़ाई। उनके उत्साहवर्धन ने विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया। सम्मान समारोह की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक भावपूर्ण स्वागत गीत से हुई। इसके बाद विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने अतिथियों को सैपलिंग और स्मृति चिह्न भेंट कर औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया और छात्रों ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी।


समारोह में कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज संकाय के कुल 118 विद्यार्थियों (जिन्होंने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए), को उनकी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने स्वयं सभी छात्रों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए।

मुख्य अतिथि राजेश्वरी बी ने अपने संबोधन में कहा, यह सफलता सजग विकल्पों, अथक प्रयास और उत्कृष्टता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का परिणाम है। कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज संकाय हर प्रगतिशील समाज की रीढ़ होते हैं — यही विचारकों, नीति निमार्ताओं, सृजनकर्ताओं और परिवर्तनकर्ताओं को गढ़ते हैं। मैं सभी विद्यार्थियों से आग्रह करती हूं कि वे इसी भावना को आगे बढ़ाएं और ज्ञान, सहानुभूति तथा नवाचार के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।



### डीपीएस रांची का उद्देश्य नैतिक गुणों से पूर्ण नागरिक तैयार करना है : डॉ जया चौहान

डीपीएस रांची की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने अपने संदेश में इस क्षण की विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन की सराहना की और इसका श्रेय उनके समर्पण, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट समर्थन को दिया। उन्होंने कहा, डीपीएस रांची में हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं है, बल्कि नैतिक गुणों से परिपूर्ण वैश्विक नागरिकों को भी तैयार करना है।



# खलारी प्रखंड के तीन पंचायतों में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने लगवाया सोलर स्ट्रीट लाइट

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत बुकबुका, चूरी दक्षिणी और मायपुर पंचायत के दर्जनों स्थानों पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ के सौजन्य से आधुनिक सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं। भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ। सोलर लाइटें पंचायतों के चौक-चौराहों, ग्रामीण सड़कों, आवासीय कालोनियों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाई गईं, जिससे अब अंधेरे में गुजर-बसर करने वाले ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझू ने बताया, यह कार्य माननीय सांसद संजय सेठ जी की पहल और प्रयासों का परिणाम है। खलारी प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी जहां आवश्यकता होगी, वहां सोलर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएंगी। इसके अलावा जल्द ही सांसद निधि से दी गई हाईमास्ट लाइटें भी चिन्हित स्थलों पर स्थापित की जाएंगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए सांसद संजय सेठ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले जहां रात में घना अंधेरा छाया रहता था, अब वहां रोशनी फैली है। इससे सुरक्षा, आवागमन और सामाजिक गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझ के अलावा मंडल संयोजक रामसूरत यादव, अरविंद सिंह, श्यामसुन्दर सिंह, महेन्द्र गंझू, प्रकाश यादव, दिलीप गंझू, कुलदीप लोहरा, प्रेम गंझू, ओमप्रकाश सिंह, कामेश्वर निषाद, राजू सिंह, सुरेश प्रसाद साहु, भरत प्रजापति, भूपनाथ साहु, अनिल यादव, गणेश यादव, अमित तुरी, दीपक प्रसाद, टिंकू लोहरा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्षेत्र का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मोद्दसिर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चनकोपी बस्ती से बिल्टी दरहा पुलिया तक जाने वाली कच्ची सड़क पिछ्ले दिनो मूसलाधार बारिश के तेज बहाव से सड़क बह गई थी। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सड़क मरम्मत के लिये उनके पहल पर स्थानीय स्तर पर संसाधनों की व्यवस्था कर सड़क की अस्थायी मरम्मत कराई गई, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। इस मौके पर उपस्थित उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का समग्र विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## न्यूज बॉक्स

### इंडियन नर्सिंग काउंसिल के सदस्यों ने नर्सिंग स्कूल का किया निरीक्षण



**सिल्ली।** भारत माता स्कूल ऑफ नर्सिंग, मुरी, सिल्ली में इंडियन नर्सिंग काउंसिल के सदस्यों ने निरीक्षण किया। दो दिवसीय निरीक्षण के दौरान निरीक्षण समिति सदस्यो ने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत संरचना, संकाय की उपलब्धता, छात्र-कल्याण सेवाओं, प्रशिक्षण सुविधाओं एवं प्रशासनिक प्रबंधन का विस्तृत जानकारियां ली। निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने कक्षा, लैब, पुस्तकालय, कंप्यूटर प्रयोगशाला, हॉस्टल समेत अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा कई अन्य दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संस्थान में सभी तरह के संसाधनों और शैक्षणिक वातावरण काफी सारणीय है। इस मौके पर संस्था निदेशक सिस्टर कृपा पॉल ने कहा कि संस्थान को मान्यता मिल जाने से अब यहां के छात्राओं को भारत सरकार के विभिन्न उपक्रमों सहित विदेशों में भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्राचार्या शीतल खलखो ने निरीक्षण टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आईएनसी की मान्यता मिलने से इस प्रशिक्षण स्कूल से उत्तीर्ण होने वाले नर्स झारखंड के अलावा अन्य राज्यों में भी नौकरी कर सकेंगे। इस मौके पर संस्थान प्रशासन, संकाय सदस्यगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### प्रखंड में बीडीओ ने की फसल बीमा योजना को लेकर जनप्रतिनियों के साथ की बैठक



**चान्हो।** प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बरूण कुमार की अध्यक्षता में कृषि प्रभाग के द्वारा एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रखण्ड के सभी किसानों को "बिरसा प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना" से आच्छादित करना है। किसानों को अपने धान और मकई की फ़सल का बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित करना इस बैठक का प्रमुख उदेश्य है।

### एडवोकेट्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वी. शिवनाथ का निधन

**रांची।** वरिष्ठ अधिवक्ता और एडवोकेट्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वी. शिवनाथ का बुधवार को नागपुर में निधन हो गया। एडवोकेट अरविंद लाल ने वी. शिवनाथ को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करें और परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### कार ने स्कूटी सवार को मारा धक्का



**पिठौरिया।** थाना क्षेत्र के राडहा पुल से पहले एक सड़क दुर्घटना हुई है, ग्रामीणों ने बताया की एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को जोरदार धक्का मार दिया। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जबकि कार चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि कार का नंबर जेएच 01जीए 3438 है, और चालक की पहचान के लिए छानबीन जारी है। घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा हॉस्पिटल भेजा गया तथा आवेदन देने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### श्रद्धालु बाबा नगरी के लिए हुए रवाना



**रांची।** पूरे सावन के महीने में भक्त बाबा नगरी देवघर जाते हैं। सावन की शुरूवात से ही बाबा के भक्त बाबानगरी में जाकर जलार्पण कर रहे हैं। इसी बीच गोला से भी युवक बाबा धाम देवघर को रवाना हुए। भक्तों ने कहा 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल चल कर तय करते हैं। उन्होंने इसके पीछे महादेव के प्रति हमारी आस्था है। देश और अपने लिए जलार्पण कर कामनाएं करेंगे।

### विद्यालयों का होगा मूल्यांकन : एडीपीओ



**रांची।** रांची के जिला स्कूल सभागार में झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में "मेरा विद्यालय निपुण मैं भी निपुण" विषय पर बीआरपी सीआरपी, एफएलएन के मास्टर ट्रेनर तथा केआरपी का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने कहा कि निपुण भारत अभियान के तहत राज्य एवं जिला स्तर पर किए गए प्रयासों के पश्चात भी वर्तमान स्थिति में बुनियादी कक्षाओं में विद्यार्थियों के अधिगम प्रतिफल संतोषजनक नहीं होने के कारण विशेष अभियान मेरा विद्यालय निपुण, मैं भी निपुण की रणनीति तैयार की गई है इसके तहत विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ण अधिगम प्रतिफल को देखने हेतु मूल्यांकन में कक्षा तीन के बच्चों का मूल्यांकन कक्षा 2 के समतुल्य तथा कक्षा 2 के बच्चों का मूल्यांकन कक्षा एक के समतुल्य किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### फांसी लगाकर एक ने की आत्महत्या

**मांडर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ब्राम्बे में आत्महत्या का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर रात की है। मिली जानकारी के अनुसार ब्राम्बे निवासी तैतालीस हेम्बो तिग्गा रात का खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह देर तक नहीं उठा तो उठाने के लिए जैसे ही कमरा खोला तो देखा हेम्बो फांसी के फंदे में झूल रहा है। इसकी सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने सत्यापन एवं अग्रेतर कार्रवाई के दौरान उक्त मृतक के शव का विधिवत मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर सभी आवश्यक कागजात एवं अंत्य परीक्षण हेतु रिम्स भेजा गया है।

## मनरेगाकर्मियों को छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं, बीडीओ को दिया ज्ञापन



**चान्हो।** प्रखंड के मनरेगाकर्मियों को छह माह से मानदेय नहीं मिला है. फरवरी माह से ही मानदेय का भुगतान लंबित रहने से परेशान मनरेगाकर्मियों ने मंगलवार को बीडीओ वरूण कुमार को ज्ञापन दिया और उनसे बकाया मानदेय का भुगतान शीघ्र कराने को लेकर पहल करने की गुहार लगाई. मनरेगाकर्मियों का कहना था कि छह महीने से मानदेय नहीं मिलने से उन्हें कई तरह की आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. दूसरों से कर्ज लेकर वह किसी तरह घर की जिम्मेदारी को तो पूरा कर ले रहे हैं लेकिन प्रतिदिन प्रखंड मुख्यालय आने जाने व अपने कार्य को लेकर फील्ड भ्रमण में होने वाले छोटे खर्च भी उनके लिए भारी पड़ रहे हैं. इसलिए जितनी जल्दी संभव हो उनके मानदेय के भुगतान को लेकर प्रशासनिक पहल किया जाना चाहिए. मौके पर सकलु उरांव, यूसुफ अंसारी, सोहेल अरमान, संजीत उरांव, गंदरु उरांव, रोशन एक्का, बिंदु कुजूर सहित अन्य मौजूद थे.

# मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मांडर विधानसभा क्षेत्रों का किया दौरा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मांडर विधानसभा के विधायक ने अपने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहां हाल ही में कई दुखद घटनाएं हुई हैं। उन्होंने मांडर के हरील पाहन टोली और गोरखो गांव का दौरा किया, जहां ट्रेन दुर्घटना और वज्रपात की घटनाओं में लोगों की मौत हुई है। विधायक ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सरकार की ओर से 4 लाख रुपये का मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी। मृतकों के परिवार को मुआवजाः सरकारी मददः सरकार की ओर से पीड़ित परिवारों को 4 लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। प्रक्रिया शुरूः मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही पीड़ित परिवारों को यह राशि प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्य जागरूकताः इटकी प्रखंड का दौराः विधायक ने इटकी प्रखंड के हरमू गांव का दौरा किया, जहां एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई थी। जागरूकता की आवश्यकताः विधायक ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया और सरकारी अस्पताल में इलाज के महत्व को बताया। झोला छाप डॉक्टरों से दूरीः विधायक ने ग्रामीणों को झोला छाप डॉक्टरों से दूरी बनाने की सलाह दी और सरकारी अस्पताल में इलाज के महत्व को बताया। दो बच्चों की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी गई है और सरकार की मेडिकल टीम गांव में कैंप कर ग्रामीणों की जांच में जुटी हुई है। ग्रामीणों की जांचः मेडिकल टीम गांव में ग्रामीणों की जांच कर रही है और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है।

## शराब सिंडिकेट का मास्टरमाइंड समेत दो गिरफ्तार

**मांडर।** उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार सुबह तीन सौ पेटी शराब जब्त की है। गणेश गोराई गोवा से शराब की तस्करी कर झारखंड मंगवा रहा था और फिर उसे बिहार जैसे राज्यों में सप्लाई कर रहा था। उत्पाद विभाग को जानकारी मिलने के बाद गणेश गोराई की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया और उसके बाद कार्रवाई की गयी। उत्पाद विभाग की एक टीम मांडर टोल प्लाजा के पास पहुंची, जहां से कुरकुरे लदे ट्रक को पकड़ लिया गया. मौके से गणेश के ड्राइवर को कब्जे में लेकर गणेश को यह बताया गया कि सारा माल लेकर वह गोदाम तक पहुंच रहा है। इस दौरान जैसे ही गणेश गोदाम के पास पहुंचा, उत्पाद विभाग के सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया। ट्रक से 300 पेटी से ज्यादा अवैध शराब बरामद की गयी है।

## पुलिस और पब्लिक के बीच एक बेहतर तालमेल की भी जरूरत : पूनम टोप्पो

**लापुंग ।** लापुंग थाना क्षेत्र में किसी भी कीमत में अपराध को पनपने का अवसर नहीं मिलना चाहिए। पुलिस और पब्लिक के बीच एक बेहतर तालमेल की भी जरूरत है उक्त बातें लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत की पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो ने कही। उन्होंने समाजसेवी दशरथ तिर्की के साथ मिलकर लापुंग थाना के नए प्रभारी अभिषेक कुमार से मिलकर शिष्टाचार मुलाकात की और थाना प्रभारी को बुके भेंट कर सम्मानित किया। दोनो ने थाना प्रभारी अभिषेक कुमार से कहा कि देवगांव पंचायत के सरसा और गढ़डीपा के बीच में पिछले दिनों घटी लूट की घटना अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा कि अब लापुंग के विभिन्न क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने और अपराधियों पर शिकंजा कसने की जरूरत है।

## डोमिसाइल नीति को लेकर आज लिया जाएगा संकल्प : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि 24 जुलाई 2002 को डोमिसाइल स्थानीयता आंदोलन में अपने हक, अधिकार, अस्तित्व और राज्य की नौकरियों में हिस्सेदारी के लिए संघर्ष करते हुए क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन क्रांतिकारी शहीदों — कैलाश कुजूर, विनय तिग्गा और संतोष कुंकल - की 23वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार (24 जुलाई) को माल्यार्पण त्रिमूर्ति चौक, मेकॉन कॉलोनी, डोरंडा, रांची में शहीदों को दिन में 11:00 बजे श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।



## टीएसपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू के पैतृक घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**खलारी।** टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) सुप्रीमो ब्रजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता उर्फ सरकार पर शिकंजा कसता जा रहा है। मंगलवार देर शाम मैकलुस्कीगंज थाना की पुलिस ने चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत सुहावन गांव स्थित उसके पैतृक आवास पर अदालत के आदेशानुसार इश्तेहार चिपकाया। ब्रजेश गंझू पर मैकलुस्कीगंज थाना में दर्ज कांड संख्या 24/21 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34, आर्म्स एक्ट की धारा 27, तथा आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम (सीएलए एक्ट) की धारा 17 के तहत गंभीर आरोप हैं। लंबे समय से फरार चल रहे ब्रजेश गंझू को गिरफ्तार करने में पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिली है, जिसके चलते माननीय न्यायालय, रांची के आदेश पर यह कार्रवाई की गई।

# खिलाड़ियों को चेंजिंग रूम से वंचित करने का प्रयास अमानवीय: दीपक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में सक्रिय कई खेल संघों के प्रतिनिधियों ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ के बैनर तले बुधवार को रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव से शिष्टाचार मुलाकात की और खेल परिसर के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित कमरों से उपयोग से खिलाड़ियों को बेदखल किए जाने के प्रयास पर विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त के समक्ष रांची नगर निगम के सीटी मैनेजर (मिशन) चंदन कुमार द्वारा लगातार कमरों को खाली कराने की धमकियों और अमानवीय व्यवहार की लिखित शिकायत प्रस्तुत की। इन कमरों का उपयोग लंबे समय से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के चेंजिंग रूम और खेल सामग्री भंडारण के रूप में किया जाता रहा है, जहाँ फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वुडबॉल, थ्रोबॉल, नेटबॉल, किक बॉक्सिंग, जिम्नास्टिक, चॉकबॉल, कोर्फबॉल, जरासंध अखाड़ा समेत दर्जनों खेल संघ नियमित रूप से अभ्यास और प्रतियोगिताएं संचालित करते हैं।

प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि सीटी मैनेजर श्री चंदन कुमार द्वारा खिलाड़ियों के प्रति असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणी की गई, जहाँ उन्होंने महिला खिलाड़ियों को खुले में कपड़े बदलने तक की सलाह दे दी।

## नशा से दूर रहें, लक्ष्य लेकर करें पढ़ाई : डीएसपी



**खलारी।** खलारी के पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी ने बुधवार को एसीसी हाई स्कूल में विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने और अपराध से सतर्क रहने की सलाह दी। डीएसपी के आगमन पर छात्राओं ने पारंपरिक ढंग से स्वागत किया और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डीएसपी आरएन चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति केंद्रित रहना चाहिए और किसी भी तरह के नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा एक बर्बादी की शुरुआत है।

## अस्पताल में मरीजों के लिए सुविधाएं हो सुनिश्चित : परेश



**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और ईएसआईसी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को चैंबर भवन में स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ रजिस्ट्रेशन ऑफ एम्प्लॉयर्स एंड एम्प्लॉईज 2025 (स्प्री) योजना के क्रियान्वयन हेतु एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पूर्वी क्षेत्र के बीमा आयुक्त प्रणय सिन्हा, उप निदेशक राजेन्द्र टुडू, तथा सहायक निदेशक अभिषेक कुमार उपस्थित थे।बताया गया कि यह योजना अपंजीकृत नियोक्ताओं और ऐसे नियोक्ताओं के स्व-पंजीकरण को प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष पहल है, जिन्होंने अभी तक अपने सभी पात्र कर्मचारियों को ईएसआईसी में पंजीकृत नहीं कराया है। यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। बीमा आयुक्त प्रणय सिन्हा ने सभी नियोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि इस योजना के तहत कोई दंडात्मक जाँच या जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि झारखण्ड में वर्तमान में आईपी की संख्या 7 लाख है। जैसे ही यह संख्या 10 लाख पार करेगी, निगम द्वारा जमशेदपुर में सब-रीजनल ऑफिस खोला जाएगा। झारखण्ड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने ईएसआईसी के नवनिर्मित अस्पताल में मरीजों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र सुनिश्चित करने का आग्रह किया तथा साथ ही नियोक्ताओं की ओर से मिल रही शिकायतों से भी अवगत कराया।

## वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स

# सरला बिरला विवि के छात्र पंकज ने सीनियर बॉयज ग्रुप 'बी' में स्वर्ण पदक जीता

नवीन मेल संवाददाता



रांची। वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स, झारखंड चैप्टर की ओर से दो दिवसीय झारखंड राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन जमशेदपुर में किया गया। प्रतियोगिता में सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीएससी इन योगिक साइंस के छात्र पंकज कुमार महतो ने सीनियर बॉयज ग्रुप 'बी' में स्वर्ण पदक तथा डब्ल्यूएफएफ चैंपियंस ऑफ़ चैंपियंस 2025 की ट्रॉफी अपने नाम की। चैंपियन ऑफ चैंपियंस राउंड में एक मिनट पचास सेकंड तक वीरभद्रासन की मुद्रा में सर्वाधिक लंबे समय तक स्थिर रहकर उन्होंने प्रतियोगिता में अव्वल स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में एसबीयू के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. स्वातिलेखा महतो ने सुपर सीनियर महिला वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा विश्वविद्यालय की एमएससी योग विभाग की छात्रा रूपा कुमारी को योग क्वीन प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी दी गई। प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से आये विभिन्न आयुवर्ग के प्रतिभागियों ने शिरकत की। इस दौरान प्रतियोगिता के जजों के पैनल के लिए चयनित सरला बिरला विश्वविद्यालय की योग विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती अंजना कुमारी सिंह को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, रजिस्ट्रार प्रो एस. बी. डांडिन, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, एसोसिएट डीन डॉ. आर. एम. झा, योग विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. अर्चना मौर्या, डॉ. विश्वजीत वर्मा एवं अन्यान्य शिक्षकगणों ने विजेताओं को बधाई देते हुए शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## शोधार्थी इंदू भारती की सफलताओं में अब यूजीसी नेट भी शामिल

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो की पुत्री इंदू भारती ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए यूजीसी-नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इंदू भारती इससे पूर्व रांची विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हिंदी विषय में सेकंड टॉपर रही हैं। वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय से हिंदी में लोक कथाओं, परंपराओं एवं कहानियों में निहित जीव दर्शन विषय में पीएचडी कर रही हैं। इंदु भारती शुरू से ही मेधावी व प्रतिभावान छात्रा रही हैं। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय से पढ़ाई की है। मैट्रिक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। स्नातकोत्तर तक सभी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। इंदु भारती युवा कवियत्री व लेखिका भी हैं। उनके काव्य-संग्रह 'मंजिल, सच व तलाश' प्रकाशित हुआ है। कई काव्य संग्रह की रचना भी कर रही हैं।



# विद्यार्थियों के हाथ में राष्ट्र का भविष्य : सन्नी टोप्पो




**चान्हो।** प्रखंड के बीजूपाड़ा स्थित सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर में मंगलवार को फ्रेशर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सन्नी टोप्पो ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल परिवार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सन्नी टोप्पो ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "शिक्षा ही समाज और देश के विकास का आधार है। आप सभी युवा देश का भविष्य हैं और मुझे विश्वास है कि आप कड़ी मेहनत और लगन से अपने सपनों को साकार करेंगे। टोप्पो ने विद्यार्थियों को अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने की सलाह दी, ताकि वे एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें नृत्य, गीत और लघु नाटिकाएं शामिल थीं। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

फोटो : इंदू भारती

# जंगली हाथियों का आतंक, दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

● वन विभाग ने ग्रामीणों को हाथी भगाने की सामग्री की वितरित

नवीन मेल संवाददाता




**बानो।** बानो प्रखंड के जमतई पीडीटोली गांव में मंगलवार देर रात करीब 12 बजे जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। करीब एक दर्जन जंगली हाथियों ने गांव में प्रवेश कर प्रकाश तोपनो और सर्वधन तोपनो के घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे गए अनाज को भी हाथियों ने खा लिया, जिससे पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मिलकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया। इसके बाद गांव वालों ने वन विभाग को सूचना दी।

सूचना पाकर वन रेंजर अभय कुमार एवं जिला परिषद सदस्य विरजो कंडुलना गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को हाथियों को भगाने के लिए सामग्री जैसे जूट की बोरी, मशाल, मोबिल और टॉर्च आदि का वितरण किया गया ताकि भविष्य में ऐसे हमलों से बचाव किया जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और हाथी समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और लोग रातभर जागकर निगरानी करने को मजबूर हैं।

### ग्राम सभा के अधिकारों पर जिला स्तरीय कार्यशाला शुरू

## ग्राम सभाएं सशक्त होंगी तो योजनाएं जमीन पर उतर सकेंगी : डीडीसी




**सिमडेगा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेवारी विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को ग्राम सभा के अधिकारों, कर्तव्यों और उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया को लेकर जागरूक करना है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को डीडीसी दीपांकर चौधरी ने संबोधित किया। उन्होंने पेसा कानून, ग्राम सभा की कानूनी शक्तियां और स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं में सहभागिता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाएं अगर सशक्त होंगी, तो शासन की योजनाएं ज़मीन पर बेहतर तरीके से उतर सकेंगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की नींव है। विशेषकर अनुसूचित क्षेत्रों में इसे केवल बैठक तक सीमित न रखकर एक सक्रिय निर्णयकर्ता बनाना होगा।

### डीसी ने की जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक, कहा

## सुपात्र लाभुकों को ही पट्टा निर्गत किया



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी शशांक शेखर सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा,अजय एक्का सहित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी के तहत विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त कुल 19 सामुदायिक वन पट्टा दावा पत्रों की गहन समीक्षा की गई।

समिति ने दावों के भू-सीमा निर्धारण, दस्तावेजों की वैधता एवं फील्ड सत्यापन की विस्तृत जांच की और नियमानुसार निर्णय लिए। उपायुक्त ने कहा कि वन अधिकार पट्टा निर्गत करने से पूर्व सभी आवेदनों एवं उनसे जुड़े दस्तावेजों की समुचित जांच अनिवार्य है। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन की जांच निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर की जाए एवं केवल पात्र लाभुकों को ही पट्टा निर्गत किया जाए।

### सिफसल बीमा योजना के प्रचार रथ को डीसी ने किया रवाना

**सिमडेगा।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को प्रचार रथ को उपायुक्त कंचन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे 31 जुलाई 2025 तक अपनी खरीफ फसलों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि प्राकृतिक आपदा, कीट प्रकोप या अन्य कारणों से फसल क्षति की भरपाई हो सके।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और यह योजना उनके हित में बेहद लाभकारी है। उन्होंने कम वर्षा, चक्रवात या फसल कटाई के बाद नुकसान जैसी परिस्थितियों में दावों के भुगतान की जानकारी दी।इस अवसर पर जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, डीपीआरओ पलटू महतो और बजाज एलियंस के प्रतिनिधि सुरेंद्र शुक्ला उपस्थित थे। आत्म अभय टोप्पो ने बताया कि प्रचार रथ गांव-गांव जाकर किसानों को योजना की जानकारी देगा।

## कोलेबिरा विधायक की पहल पर मालसाड़ा में लगा नया ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत मालवाड़ा पंचायत में लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को आखिरकार बदल दिया गया। यह कार्य कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की पहल पर संभव हो सका। वर्षों से पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र, विद्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित थी, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर कांग्रेस पार्टी के पंचायत सचिव जॉर्ज मिंज ने त्वरित पहल करते हुए विधायक श्री कोंगाड़ी से संपर्क किया। विधायक ने तत्काल विद्युत विभाग गुमला से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि समी आलम, पंचायत सचिव जॉर्ज मिंज, असफाक आलम एवं प्रमुख बिपिन पंकज मिंज की संयुक्त पहल से गुमला जाकर नया ट्रांसफार्मर लाया गया।ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पारंपरिक पाहन पुजार की उपस्थिति में पूजा-अर्चना के साथ किया गया। फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन बोलबा प्रखंड पर्यवेक्षक एवं प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने किया। मौके पर उन्होंने विधायक की जनकल्याणकारी सोच की सराहना करते हुए कहा कि नमन कोनगाड़ी हर समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करते हैं।उद्घाटन समारोह में बोलबा प्रखंड अध्यक्ष प्रेमदास, पंचायत अध्यक्ष संजय डुंगडुंग, वार्ड सदस्य किशोर डुंगडुंग, दिलीप राम, अरुण धनवार, लक्ष्मण कैथवार, ललित सिंह, उर्मिला देवी, लक्ष्मण बड़ाईक, राजकुमार सिंह, रोहन सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने विधायक एवं टीम के प्रति आभार प्रकट किया।

## बोलबा में विधायक व अधिकारियों ने बैठक कर विकास पर की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को बालू मिलने में हो रही कठिनाइयों पर चर्चा हुई। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद ने स्पष्ट किया कि जिन लाभुकों को बालू की आवश्यकता है, वे प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर बालू प्राप्त कर सकते हैं।वहीं विधायक प्रतिनिधि सम्मी आलम ने पर्यटन स्थल दनगद्दी में हो रहे पीसीसी निर्माण कार्य की जांच की मांग की। उन्होंने जानकारी दी कि पर्यटन स्थल दनगद्दी एवं वनदुर्गा, जो अब तक ग्रेड 'सी' में थे, उन्हें अब राज्य सरकार द्वारा बी ग्रेड में शामिल किया गया है और जल्द ही इनका समुचित विकास किया जाएगा।पोटो खेल मैदान के निर्माण को लेकर जानकारी दी गई कि इसे 15वें वित्त आयोग के तहत विकसित किया जा रहा है। स्कूलों में क्रिकेट खेल को बढ़ावा देने का भी निर्णय लिया गया।इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्रों में पीसीसी सड़क एवं पुलिया निर्माण को लेकर निर्देश दिए गए। जिन इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या है, उनका विवरण तैयार कर प्रखंड कार्यालय में जमा करने को कहा गया है, ताकि नेटवर्क सुविधा का विस्तार हो सके।इस महत्वपूर्ण बैठक में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के साथ विधायक प्रतिनिधि सम्मी आलम, रावेल लकड़ा, संजय कुजूर, प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद, अंचल अधिकारी सुधांशु पाठक, बीपीआरओ दीपक कुमार साहू समेत कई विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु प्रतिबद्धता जताई।

### विद्यालय में पौधरोपण बच्चों को पर्यावरण संरक्षण पर किया गया जागरूकता



**बानो।** बानो प्रखंड स्थित जनता उच्च विद्यालय में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फादर अजीत पॉल क्रिकेटर ने पौधरोपण कर की। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान फादर अजीत पॉल ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को साल में कम से कम 10 पौधे अवश्य लगाने चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पेड़-पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध रखते हैं, बल्कि यह हमें प्राकृतिक ऑक्सीजन, फल एवं लकड़ी भी प्रदान करते हैं। पेड़ों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बना रहता है, जो मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फादर अरविंद खाखा, स्वर्णलता बागे, नीलम लुगुन, विमला सुरीन, शीतल इक्का, सुभाष तिर्की, राहुल टोपनो, अजीत सुरीन, सुबीरा केरकेट्टा, सचिन सुरीन सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही।कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और भविष्य में और अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### कोलेबिरा प्रखंड में जनता दरबार आयोजित, ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड सहित कई विषयों पर आवेदन प्राप्त किए गए।शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो एवं नाजिर राजीव रंजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बीडीओ ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसी भी पंचायत क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पंचायत पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं या सीधे प्रखंड मुख्यालय में आकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने पाकरटांड़ में मनाया जन्मदिन

सिमडेगा। भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने पाकरटांड़ प्रखंड स्थित महावीर मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पीपल का पौधा लगाकर अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।श्री बेसरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू किया गया यह अभियान अब एक जन आंदोलन बन चुका है। इसका उद्देश्य बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से लड़ना और धरती के भविष्य को सुरक्षित करना है।

### विद्युत की समस्या को लेकर ग्रामीणों से मिले भाजपा नेता श्रद्धानन्द

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड सिकरियाटांड़ पंचायत के पतरा टोली ग्राम में विगत तीन महीनों से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबुर ग्रामवासियों ने भाजपा नेता समाज सेवी श्रध्दानंद बेसरा को इस बात की सूचना दिया। सूचना मिलते ही श्री बेसरा पतरा टोली पहुंच कर ग्रामवासियों से मुलाकात किया एवं विद्युत संबंधित समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामवासियों ने श्री बेसरा को बताया कि हम सभी पतरा टोली ग्रामवासी विगत तीन महीनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबुर हैं।विद्युत विभाग को आवेदन देने के पश्चात , उक्त खराब ट्रांसफार्मर को वर्कशॉप में लेकर छोड़ा हुआ है। परन्तु आज कल देंगे कहते हुए तीन महीना गुजार दिया।

### पिता के संरक्षण में बेटे ने नाबालिक के साथ किया था दुष्कर्म

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में नाबालिक का अपहरण और दुष्कर्म के चर्चित मामले में सिमडेगा पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद, आरोपी के पिता को भी गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए कोलेबिरा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने बताया कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ चार दिनों तक आरोपी द्वारा अपने घर में रखकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें आरोपी द्वारा पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बनाकर वायरल करने का भी मामला आया था।

### पूर्व प्रमुख को सांप ने काटा, समय पर इलाज से स्थिति में सुधार

बानो। प्रखंड के पूर्व प्रमुख जॉर्ज महतो को मंगलवार रात्रि में जहरीले सांप ने काट लिया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने प्राथमिक घरेलू उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों की तत्परता से उन्हें तुरंत इलाज उपलब्ध कराया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बताया कि समय पर इलाज होने से उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है और फिलहाल स्वास्थ्य स्थिर है। उन्होंने बताया कि मरीज को निरंतर निगरानी में रखा गया है।घटना की जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और पूर्व प्रमुख जॉर्ज महतो से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।गौरतलब है कि सांप काटने की घटनाएं इन दिनों वर्षा ऋतु में बढ़ रही हैं, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता और त्वरित इलाज की आवश्यकता पहले से अधिक हो गई है।



## बानो रेलवे स्टेशन में अब भी सुविधाओं का अभाव

● मरीजों और बुजुर्गों को हो रही परेशानी

शिवनंदन बड़ाईक



**बानो।** अमृत भारत योजना के तहत बानो रेलवे स्टेशन का उद्घाटन हुए भले ही कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन स्टेशन पर अब भी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इसके कारण यात्रियों, विशेष रूप से मरीजों, बुजुर्गों और शारीरिक रूप से असमर्थ लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन परिसर में न तो स्ट्रेचर की व्यवस्था है और न ही प्लेटफार्म 3 पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। गौरतलब है कि अधिकतर ट्रेनों का आगमन और प्रस्थान प्लेटफॉर्म संख्या 3 से ही होता है। इस कारण से जब कोई बीमार या बुजुर्ग व्यक्ति यात्रा करता है, तो उन्हें प्लेटफॉर्म पार करने में कठिनाई होती है, खासकर तब जब लिफ्ट का निर्माण अब तक अधूरा है।मंगलवार को एक बार फिर इस समस्या का उदाहरण देखने को मिला जब बानो तेतर टोली की यशोदा देवी, जिनका हाल ही में पैर फ्रैक्चर हुआ है, को इलाज के बाद घर लाया जा रहा था।

ट्रेन प्लेटफॉर्म 3 पर लगी होने के कारण महिला को तीन लोगों की मदद से पकड़कर प्लेटफॉर्म से बाहर लाना पड़ा। इस दौरान उन्हें अपने एक पैर के सहारे चलना पड़ा। यह दृश्य आम लोगों में व्यवस्था को लेकर नाराज़गी उत्पन्न कर गया।रेलवे कर्मचारियों का कहना है कि ट्रेनों को किस प्लेटफॉर्म पर लाना है, इसका निर्णय कंट्रोल रूम से निर्देश मिलने के बाद ही होता है। उनका यह भी कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेने के कारण यह स्थिति बनी हुई है।इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे रेलवे के उच्च अधिकारियों से बात कर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे, ताकि यात्रियों को होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।

## न्यूज बॉक्स

### कुएं से मिला लापता युवक का शव

**सिमडेगा ।** पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के गोंदलीपानी गांव में बुधवार सुबह एक कुएं में लहसु खड़िया नामक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा। परिजनों ने आरोप लगाया है कि लहसु की हत्या कर उसका शव कुएं में फेंक दिया गया है। उन्होंने बताया कि वह दो दिनों से लापता था और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। बुधवार सुबह अचानक ग्रामीणों ने कुएं में शव देखा, जिसके माथे पर गहरी चोट के निशान थे। शव काफी सड़ चुका था।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। गांव में घटना के बाद से तनाव का माहौल है।

### अधिवक्ताओं को ई-कोर्ट प्रणाली की दी गई ट्रेनिंग




**सिमडेगा।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में बुधवार को सिविल कोर्ट सिमडेगा में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ता लिपिकों के लिए ई-कोर्ट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ई-कोर्ट मास्टर ट्रेनर प्रभात श्रीवास्तव एवं संजय कुमार महतो के द्वारा संपन्न कराया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में ई-फाइलिंग, ई-पेमेंट सहित अन्य डिजिटल कोर्ट प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। ट्रेनिंग का उद्देश्य आने वाले समय में न्यायिक कार्यों को पूरी तरह ऑनलाइन मोड पर लाना है, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और समयबद्ध न्याय सुनिश्चित हो सके।कार्यशाला में बार एसोसिएशन के सचिव प्रद्युम्न सिंह, पूर्व अध्यक्ष बसंत कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमानंदसिल तोपनो समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं लिपिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत किया और न्याय प्रणाली के डिजिटलीकरण को समय की आवश्यकता बताया।

### विधायक की पहल पर गटी बांदु भंडार टोली को मिला नया ट्रांसफार्मर



**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत सिमहातू पंचायत के गटी बांदु भंडार टोली में आठ महीने के अंधेरे के बाद बिजली की रौशनी लौट आई। 17 दिसंबर 2024 से ट्रांसफारमर खराब होने के कारण गांव में अंधेरा पसरा था। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण रात में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।समस्या की जानकारी ग्रामीणों ने सोय पंचायत झामुमो अध्यक्ष संदीप समद को दी, जिन्होंने प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन व सचिव अमित बडिंग के माध्यम से विधायक सुदीप गुड़िया को अवगत कराया। विधायक की तत्परता से गांव को नया ट्रांसफार्मर मिला।ट्रांसफार्मर का उद्घाटन मुखिया लॉरेंस बागे ने किया। मौके पर कई स्थानीय प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने अंधकार से मुक्ति मिलने पर विधायक व जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

### कोचेडेगा पंचायत में आंगनबाड़ी सेविका का हुआ चयन



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत कोचेडेगा पंचायत के लुकीबहार में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया में कुल पांच अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें नमलेन कांडुलना का चयन सर्वाधिक अंक होने के आधार पर किया गया।ग्राम पंचायत मुखिया शिशिर टोप्पो की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से पूरी की गई। उन्होंने बताया कि नमलेन कांडुलना पूरी तरह योग्य थीं और उनका चयन स्थानीय समुदाय के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।चयन के बाद नमलेन कांडुलना ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे इस पद की जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगी।गौरतलब है कि आंगनवाड़ी सेविका की भूमिका महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा जैसी सेवाएं प्रदान करने में अहम होती है। इस चयन से लुकीबहार क्षेत्र को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

### नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ उद्घाटन



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड की कोचेडेगा पंचायत में नव निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन पंचायत मुखिया शिशिर टोप्पो द्वारा किया गया। यह केंद्र ग्रामीणों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस केंद्र में अनुभवी चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहेगी, जिससे स्थानीय लोगों को अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन अवसर पर मुखिया ने कहा कि यह मंदिर पंचायत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था सशक्त होगी।इस पहल से गांव में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने केंद्र को अपने लिए राहतदायक बताया और कहा कि अब उन्हें अपने घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। यह आरोग्य मंदिर कोचेडेगा में स्वास्थ्य के नए युग की शुरुआत करेगा।

## प्रेमिका के घर की खिड़की से लटका मिला युवक का शव हत्या का आरो



**गिरिडीह।** जिले में प्रेम प्रसंग से जुडा एक सनसनीखेज घटना सामने आया है। जिले के देवरी थाना इलाके में प्रेमिका के घर की खिड़की में फंदे से लटका हुआ प्रेमी का शव बरामद हुआ है। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृत युवक की पहचान मनकडीहा निवासी, वार्ड सदस्य मकबूल अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र सोहिल अंसारी उर्फ साहिल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद समेत मौके पर पहुंची देवरी पुलिस ने शव को क जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से गहराई से जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि सोहिल आत्महत्या नहीं कर सकता, उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या कर फंदे से लटकाने की घटना प्रतीत हो रही है जिसका खुलासा बहुत जल्द कर दिया।

## बड़ा तालाब रोड तालाब में बदला, लोग घुटनों तक पानी में फंसे



**रांची।** रांची में महज एक घंटे की बारिश ने बड़ा तालाब रोड को तालाब में बदल दिया, लोगों को घुटनों तक पानी में फंसना पड़ा। वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए, लोगों को पानी में घुसकर निकलना पड़ा - यह है रांची की सड़कों की हकीकत। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, हर बार बारिश होती है तो यही हाल होता है। क्या रांची के नागरिकों को ऐसे ही जूझना पड़ेगा या प्रशासन कुछ करेगा? बरसात आते ही लोगों का चलना कठिन हो जाता है। लोगों का पैदल चलना दोभर लगता है।

### एसडीओ ने की राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर बैठक

## आम जनता को राजस्व सेवाएं पहुंचाना प्रत्येक राजस्व कर्मी की प्रथम जिम्मेदारी है : एस्डीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** राजस्व संबंधी बैठक में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता लाने के लिए अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी खोरीमहुआ अनिमेष रंजन ने अनुमंडल अंतर्गत आने वाले सभी अंचलों के अंचलाधिकारियों, राजस्व निरीक्षक एवं उप निरीक्षक और संबंधित अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुमंडल क्षेत्र में राजस्व प्रशासन की वर्तमान स्थिति की समग्र समीक्षा करना एवं उसमें सुधार हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करना था। बैठक में एसडीओ ने ऑनलाइन म्यूटेशन, सीमांकन, भू-सर्वेक्षण, वंशावली सत्यापन, अवैध अतिक्रमण तथा भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन जैसे विषयों की समीक्षा की तथा स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता को राजस्व सेवाएं पारदर्शिता, समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ सुलभ कराना प्रत्येक राजस्व कर्मी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की लापरवाही, टालमटोल अथवा अनावश्यक विलंब को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं दोषी कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बिचौलियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

# न्यूज बॉक्स

## स्वतंत्रता दिवस के परेड में दिल्ली लाल किला में शामिल होंगे बुद्धूडीह पंचायत के मुखिया



**गांडेय,गिरिडीह।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर होने वाले दिल्ली के लालकिला में परेड की समारोह में शामिल होगे गांडेय प्रखंड के बुद्धूडीह पंचायत की मुखिया नवीन वर्मा भी समारोह में शामिल होंगे। बता दे कि गांडेय प्रखंड के बुधुडीह पंचायत के मुखिया नवीन कुमार वर्मा को दिल्ली के लाल किला में स्वतंत्रता दिवस के समारोह में आमंत्रित किया गया है. इस खबर से मुखिया नवीन कुमार वर्मा के साथ पूरे प्रखंड के लोग उत्साहित हैं. बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली के लालकिले पर देश के प्रधानमंत्री के झंडोतोलन में झारखण्ड के 4 जनप्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के तौर पर बुलाया गया है,जिसमें मुझे भी शामिल किया गया है, इस मौके पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सबों को देश के प्रधानमंत्री सम्मानित करेंगे.

## उपायुक्त ने गृह रक्षकों के नव नामांकन प्रक्रिया को लेकर की बैठक दिए निर्देश



गिरिडीह। गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में गृह रक्षकों के नव नामांकन प्रक्रिया को लेकर बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने नामांकन के लिए दावा-आपत्ति की प्रक्रिया को उचित समय पर शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि योग्य उम्मीदवारों को शामिल किया जा सके। इसके अलावा, उन्होंने नामांकन प्रक्रिया के अन्य चरणों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, कमांडेंट होमगार्ड समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 50 की उम्र के बाद पुरुष जरूर कराएं पीएसए टेस्ट : डॉ कौशल



रांची। प्रोस्टेट ग्रंथि अखरोट के आकार की एक ग्रंथि होती है, जो पुरुषों में मूत्राशय के नीचे स्थित होती है और प्रजनन प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 50 वर्ष की उम्र के बाद पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है और यह पुरुषों में कैंसर से होने वाली मौतों का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। पहले स्थान पर फेफड़ों का कैंसर है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत के यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक यूरो-ऑन्कोलॉजी विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ रोहित कौशल ने कहा कि प्रोस्टेट कैंसर आमतौर पर धीरे-धीरे बढ़ता है और शुरुआती चरणों में इसके लक्षण सामने नहीं आते। लेकिन, जब यह बढ़ता है।

### टीबी मुक्त गुमला की दिशा में प्रभावी पहल मिली सराहना

# चैनपुर के 26 टीबी मरीजों को हिंडालको सीएसआर मद से मिला पोषण किट

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** टीबी मुक्त भारत अभियान 2025" को सफल बनाने के उद्देश्य से गुमला जिले में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर चैनपुर प्रखंड के 26 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। यह वितरण हिंडालको के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) मद से किया गया, जिसका समन्वय जिला यक्ष्मा विभाग और हिंडालको के संयुक्त सहयोग से हुआ। पोषण किट वितरण कार्यक्रम चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ गणेश राम तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर की उपस्थिति और देखरेख में मरीजों को किट प्रदान की गई। कार्यक्रम की सफलता पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि "हमारा लक्ष्य प्रत्येक टीबी मरीज तक समय पर पहचान, उपचार और पोषण सहायता पहुंचाना है। जब तक मरीजों को समुचित पोषण नहीं मिलेगा, तब तक उनका उपचार अधूरा रहेगा। यह पहल मरीजों को शीघ्र स्वस्थ करने और संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने में सहायक होगी। इस अवसर पर डॉ गणेश राम, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने कहा की "पोषण किट के माध्यम से हम मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त करने का प्रयास कर रहे हैं। उपचार के साथ-साथ सही पोषण, टीबी से लड़ने का अहम हथियार है। हमारा प्रयास है कि हर मरीज तक यह सहायता निरंतर पहुंचे। वहीं, डॉ धर्मनाथ ठाकुर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर ने कहा की "चैनपुर प्रखंड में सक्रिय निगरानी और मरीजों के नियमित फॉलोअप से उपचार की गुणवत्ता में सुधार आया है। पोषण किट मिलने से मरीजों में उम्मीद और आत्मबल दोनों बढ़ा है, जिससे उनके इलाज का प्रभाव बेहतर दिखेगा।

## मुख्य सड़क से सूखे और जर्जर पेड़ों की कटिंग कर टाली गई संभावित दुर्घटना

**गुमला।** मानसून के दौरान नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद गुमला द्वारा मुख्य सड़क पर स्थित सूखे और जर्जर पेड़ों की कटिंग कर उन्हें हटाया गया है। यह कार्रवाई उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ की गई। लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के बीच यह आशंका जताई जा रही थी कि सूखे और कमजोर पेड़ किसी भी समय गिर सकते हैं जिससे जानमाल की हानि हो सकती थी। इसी संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद की ओर से पहले स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात चिन्हित पेड़ों को नियमानुसार काट कर हटाया गया ताकि सड़क पर आवागमन बाधित न हो और नागरिक सुरक्षित रह सकें। नगर परिषद की इस तत्पर कार्रवाई से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है।

## मां श्री जीण भवानी का सावन सिंधारा उत्सव 27 जुलाई को



**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति के सदस्यों की एक बैठक रांची में हुई। बैठक में आगामी 27 जुलाई को स्थानीय स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में आयोजित मां श्री जीण भवानी के सावन सिंधारा उत्सव को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी समिति के सचिव नारायण विजयवर्गीय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। नारायण विजयवर्गीय ने बताया कि पुरुलिया की भजन गायिका शीतल कटारूका अपने भजनों से माता का गुणगान करेंगी। उत्सव के कूपन 24 एवं 25 जुलाई को संध्या 4 बजे से 7 बजे तक सोमानी ब्रदर्स रंगरेज गली से मिलेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालड़ीवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा एवं अन्य सदस्य सहयोग कर रहे है।

## जगबंधु और अबीर ने पार्क लेनिन पर की चढ़ाई




**रांची।** बुधवार को अखिल भारतीय बॉय स्काउट एसोसिएशन, पश्चिम बंगाल से संबद्ध एपीजे अब्दुल कलाम स्काउट ग्रुप के जगबंधु मन्ना और अबीर हुदैत ने पीक लेनिन (7134 मीटर, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान सीमा पर) पर चढ़ाई की।

## सभी जिलों में पौधरोपण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए : एससी अग्रवाल

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने सभी प्रांतीय एवं प्रमंडलीय पदाधिकारियों के प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के विभिन्न पदों पर दायित्व ग्रहण करने पर उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सभी प्रमंडलों के विकास एवं जनसेवा के कार्यों में गतिशीलता आएगी। पूरे झारखंड में संगठन की एकता जागृत होगी। उन्होंने सभी प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं मंत्री तथा सभी जिला अध्यक्षों से अपने-अपने अधीनस्थ जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों को चलाने के लिए एक पत्र प्रेषित किया। पत्र में कहा गया है।

### विभावि के इतिहास विभाग में हुई ज्वलंत परिचर्चा

# नवीन साक्ष्य के आधार पर इतिहास लेखन भी बदल सकता है : प्रो मुकेश

**नवीन मेल संवाददाता**

- **साक्ष्यों के आधार पर इतिहास को कसौटी पर खरा उतरना पड़ता है| तभी भारतीय इतिहास प्रासांगिक बना रहेगा तथा नवीन भारत को दिशा दे सकेगा|**



**हजारीबाग।** इतिहास से सम्बंधित उठ रहे विवादों के विषय पर बुधवार 23 जुलाई को स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में वृहत परिचर्चा आयोजित की गई| विषय विशेषज्ञ के रूप में मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मुकेश कुमार ने इन विवादों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला| उन्होंने इतिहास लेखन में वस्तुनिष्ठता और सामान्यीकरण पर विस्तार से व्याख्यान दिया| डॉ मुकेश कुमार ने तर्क दिया कि 1970 के दशक तक जहाँ भगत्रव हड़प्पा संस्कृति के दक्षिणी छोर को मान्यता थी| आज स्रोतों के आधार पर हड़प्पा सभ्यता के विस्तार का दक्षिणी छोर दायमाबाद स्वीकार किया जा रहा है| भविष्य में यह सीमा नए साक्ष्यों के आधार पर पुनः संशोधित हो सकता है| अतः नवीन साक्ष्यों और नवीन दृष्टिकोण के आधार पर इतिहास बदलता है| इसी प्रकार कुछ स्रोतों के आधार पर अकबर को अत्यंत सहिष्णु मुग़ल सम्राट के रूप में सामान्यीकृत कर दिया गया| तत्कालीन स्रोतों के पुनर्विश्लेषण के आधार पर यदि अकबर के सांप्रदायिक नीतियों का साक्ष्य मिलता है, तब इतिहास का कार्य दोनों दृष्टिकोण को महत्त्व देना है। पाठक स्वतंत्र होकर उनका आत्मसात कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साक्ष्यों के आधार पर इतिहास को कसौटी पर खरा उतरना पड़ता है| तभी भारतीय इतिहास प्रासांगिक बना रहेगा तथा नवीन भारत को दिशा दे सकेगा| इस व्याख्यान में विभागाध्यक्ष डॉ हितेंद्र अनुपम ने विषय प्रवेश कराया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ फ्रांसिस्का कुजूर तथा पूर्व संकायाध्यक्ष छात्रकल्याण तथा हिंदी विभाग की डॉ मंजुला सांगा उपस्थित थे| शोधार्थियों में सनी कुमार मेहता, सुमित कुमार, अमरेन्द्र कुमार आजाद, पुरुषोत्तम द्विवेदी, सुमती कुमारी, कुमारी गंगेश्वरी सिंह, जय कुमार के साथ-साथ पीएच.डी कोर्स वर्क 2024 के विद्यार्थी फरहीन खानम, माधुरी कुमारी, रीता कुमारी इस चर्चा में सक्रीय रहे| एमए द्वितीय तथा चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों ने सक्रीय सहभागिता दिखलाई|

## रेडियो बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की अवधारणा को लेकर हुई थी शुरू



**रांची।** आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। इस विशेष अ वसर पर रेडियो प्रेमियों एवं समस्त देश-वासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। उक्त बातें आकाशवाणी रांची के पूर्व उप निदेशक (अभियंत्रण) आनन्द प्रकाश सिंह ने कही। 23 जुलाई 1927 को बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की अवधारणा को मुंबई से पहले रेडियो प्रसारण के साथ भारत में सूचना के क्षेत्र में एक नई यात्रा की शुरुआत हुई जो आगे चलकर मनोरंजन, कला और संस्कृति के प्रसार का एक सशक्त माध्यम बना। यह दिवस भारत के विकास, शिक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण में प्रसारण द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करता है।

इसकी लोकप्रियता के कारण ही सामुदायिक रेडियो जैसे कार्यक्रमों पर सरकार का ध्यान दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचने और स्थानीय विकाश को बढ़ावा देने में प्रसारण की निरंतर प्रासंगिकता को दर्शाता है।

## संतोष कॉलेज में ह्यस्वदेशी ज्ञान प्रणालियां एवं भारतीय जीवन शैलीद्द पर हुआ एफडीपी




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल ने सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के तीसरे दिन ह्यस्वदेशी ज्ञान प्रणालियां एवं भारतीय जीवन शैलीद्ध विषय पर तकनीकी सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था — ह्यनई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन एवं पारंपरिक ज्ञान का प्रोत्साहन। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय से जंतु विज्ञान विभाग के प्रो अभिजीत दत्ता एवं राजनीति शास्त्र विभाग के प्रो प्रकाश सहाय ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में दो तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में प्रो अभिजीत दत्ता ने ह्स्वदेशी ज्ञान प्रणालियां : चुनौतियां, पहल एवं कार्यवाहियांद्ध विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र में प्रो प्रकाश सहाय ने ह्यभारतीय जीवन शैली में भारतीय ज्ञान परंपरा का सार्ण विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागी संकाय सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

## करंज हाई स्कूल में भरनो पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड अंतर्गत करंज थाना क्षेत्र के करंज हाई स्कूल में बुधवार को थाना प्रभारी आशीष केशरी की अध्यक्षता में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराध, मानव तस्करी के प्रति सजग और सतर्क बनाना था।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: सर्वर ठप होने से किसान बेहाल

चैनपुर : प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सर्वर पिछले कई दिनों से ठप पड़ा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर पर पहुंच रहे किसानों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ रहा है।

## 616 स्वयंसेवक कर रहे साक्षरता कक्षाओं का संचालन

**गुमला ।** जिले में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा अपने पोषक क्षेत्र में सक्रिय रूप से असाक्षरों का सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण के आधार पर अब तक कुल 5640 असाक्षरों की पहचान की गई है जिन्हें साक्षर बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है। चिन्हित असाक्षरों को साक्षरता कक्षाओं से जोड़ने के लिए अब तक 616 स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जा चुकी है। ये स्वयंसेवक अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से साक्षरता कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं। इससे जिले में साक्षरता दर में सकारात्मक और स्थायी सुधार की अपेक्षा की जा रही है। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। कि चिन्हित असाक्षरों को यथाशीघ्र साक्षरता केंद्रों से जोड़ा जाए तथा स्वयंसेवकों को आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने अभियान की नियमित समीक्षा और निगरानी की भी बात कही है।

### बरकट्ठा में कॉमन ग्राउंड को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

# आदिवासी हितों को ध्यान में रखते हुए पट्टा वितरण पर फोकस किया जाएगा : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड सभागार में कॉमन ग्राउंड को लेकर प्रखंड स्तरीय हितधारकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्रखंड प्रमुख रेणु देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासन एवं सपोर्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मौके प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा, उप प्रमुख सुरजी देवी, सीडीपीओ नीलू रानी, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, मनरेगा के जेई, जेएसएलपीएस के बीपीएम, मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जीपीएस, बीटीएम, एटीएम, रोजगार सेवक, जल सहिया समेत कई विभागीय प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद जिला प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कॉमन ग्राउंड के उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से पूर्ण सहयोग की अपील की। वहीं बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने इसे जनहितकारी योजना बताया और प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही। अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा ने कहा कि सार्वजनिक जमीनों के समुचित उपयोग और आदिवासी हितों को ध्यान में रखते हुए चारागाह निर्माण व पट्टा वितरण पर फोकस किया जाएगा। उप प्रमुख सुरजी देवी और सीडीपीओ नीलू रानी ने भी विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग देने की बात कही। बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया समेत सपोर्ट संस्था की एचआर मैनेजर अंजली कुमारी, अन्नी कुमारी, प्रखंड संयोजक मनोज टुडू, गोदावरी देवी आदि मौजूद रहे। उपस्थित प्रतिभागियों ने विकास की संभावनाओं पर विचार साझा किए और कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग**

**निविदा आमंत्रण सूचना 03/2025–26 (गैर योजना)**

1. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि :– दिनांक 18.08.2025 कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.08.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 19.08.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– 1 **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं॰ 2, धुर्वा, राँची। 2 **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3 **कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1 **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं॰ 2, धुर्वा, राँची। 2 **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3 **कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | अंचल | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पुरा करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हजारीबाग | हजारीबाग | वित्तीय वर्ष 2025–26 में गैर योजना मद् अन्तर्गत हजारीबाग–चुरचू हत्यारी मोड (NH-33) पथ के पथांश 14 कि.मी. में अवस्थित Low Level O(ld Bridge (5.5m x 8 Span) Bridge मरम्मति कार्य। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 2. | | | वित्तीय वर्ष 2025–26 गैर योजना मद अन्तर्गत हजारीबाग–चुरचू हत्यारी मोड (NH-33) के 12वें कि0मी0 में RCC Retaining Wall निर्माण एवं Culvert Parapet का निर्माण कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | तीन माह |
| 3 | | | वित्तीय वर्ष 2025–26 गैर योजना मद अन्तर्गत बड़कागाँव पथ के कि.मी. 7.00 से 12.400 तक में सड़क सुरक्षात्मक कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | दो माह |
| 4 | | | वित्तीय वर्ष 2025–26 गैर योजना मद अन्तर्गत ईचाक बरकट्ठा पथ के कि.मी. 22 से 27 में Metal Beam Crash Barrier का अधिष्ठापन कार्य। | 30,00,000.00 | 60,000.00 | 5,000.00 | तीन माह |

निविदा की शर्तें :– www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।
E-mail ID – eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता
प॰ नि॰ वि॰, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 358004 (Road)25-26*D

